बाल भारती पब्लिक स्कूल पीतमपुरा दिल्ली - ११००३४

कक्षा- पाँचवी **विषय -हिंदी** **(२०२०-२०२१)**

विषय - हिंदी व्याकरण **उपविषय -अपठित गद्यांश**

नाम ------------ **कक्षा /भाग - _________** **तिथि :- २२-०४-२०**

नीचे लिखे गद्यांश को पढ़ कर पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए

मेरे देश का नाम भारतवर्ष है। इसे हिंदुस्तान भी कहते हैं। भारत एक विशाल देश है। उत्तर में हिमालय पर्वत से लेकर दक्षिण में हिन्द महासागर तक और पूर्व में बंगाल की खाड़ी से पश्चिम में अरब सागर तक इसका विस्तार है ।

प्राकृतिक दृष्टि से भारत एक सुंदर देश है। यहाँ बर्फ से ढकी श्वेत पर्वत श्रृंखलाएँ , हरे -भरे मैदान और घाटियाँ, कलकल करती बहती गंगा -यमुना जैसी नदियाँ और हरे -भरे तटीय प्रदेश हैं । मेरे देश में घने और विस्तृत वन हैं तो रेतीला रेगिस्तान भी, अनेक प्रकार के पशु -पक्षी और लहलहाते खेत भी। संसार में भारत ही ऐसा देश है जहाँ छह ऋतुएँ बारी -बारी से आती हैं ।भारत की संस्कृति अति प्राचीन है। भारत ने विश्व को कला ,साहित्य और विज्ञान की ढेरों सौगात दी हैं। वेदों की रचना इसी भूमि पर हुई। भारत ने ही विश्व को प्रेम और अहिंसा का पाठ पढ़ाया। मुझे अपने देश पर गर्व है।

यह सारा कार्य अपनी उत्तरपुस्तिका में कीजिए।

प्रश्न १. भारतवर्ष को किस नाम से पुकारा जाता है?

____

____

____

प्रश्न २. भारत एक विशाल देश है । कैसे?

प्रश्न ३. प्राकृतिक दृष्टि से भारत सुंदर देश क्यों कहलाता है?

प्रश्न ४. भारत में कितनी ऋतुएँ बारी-बारी से आती हैं?

प्रश्न ५. इस गद्यांश के लिए उचित शीर्षक (HEADING) लिखिए?

प्रश्न ६. नीचे लिखे शब्दों से वाक्य बनाएँ:-

१. रेगिस्तान --

२. भारत --

३. संसार --

प्रश्न ७. नीचे लिखे शब्दों के विलोम शब्द लिखिए:-

१. सुंदर ---------------------------

२. एक ---------------------------